F.N. K-0993/03/2026/LBSHSTC/209

**LAL BAHADUR SHASTRI HEALTH SCIENCES AND TECHNICAL COUNCIL**

**लाल बहादुर शास्त्री आरोग्य विज्ञान एवं प्राविधिक परिषद**

(Formerly: Lal Bahadur Shastri Paramedical Skill and Training Council, India)

पूर्वनामः–लाल बहादुर शास्त्री पराचिकित्सीय कौशल एवं प्रशिक्षण परिषद, भारत।

Accredited by: National Healthcare Quality and Accreditation Council

Member: National Allied and Healthcare Professional Association

Ph: 0121-4349311

**Dated: 27-03-2026**

प्रति,

समस्त निदेशक/प्राचार्य महोदय,
सभी सम्बद्ध केन्द्र/संस्थाएँ,
लाल बहादुर शास्त्री आरोग्य विज्ञान एवं प्राविधिक परिषद
(सम्बन्धित राज्य/जनपद)

**विषयः– लाल बहादुर शास्त्री आरोग्य विज्ञान एवं प्राविधिक परिषद के नियमों, विनियमों एवं उप–नियमों के अंतर्गत शैक्षणिक वर्ष 2026–27 हेतु अनिवार्य वार्षिक संबद्धता नवीनीकरण की समय–सीमा के संदर्भ में – निर्धारित अंतिम तिथि तक अनुपालन सुनिश्चित न करने की दशा में (क) संबंधित संस्था की संबद्धता का तत्काल एवं स्थायी प्रभाव से विधिवत् समापन तथा (ख) शैक्षणिक वर्ष 2025–26 में नामांकित प्रथम वर्ष के समस्त छात्रों को परिषद की परीक्षाओं में सम्मिलित होने से विधिक रूप से वंचित किए जाने सहित, समस्त देय दंडात्मक एवं विधिक कार्यवाही के संबंध में–अतिआवश्यक सूचना एवं अनुपालन निर्देश।**

महोदय/महोदया,

इस परिषद द्वारा समस्त सम्बद्ध केन्द्रों एवं संस्थाओं के समस्त निदेशकों/प्राचार्यों का ध्यान सविशेष एवं कठोरतापूर्वक इस सुस्थापित विधिक तथ्य की ओर आकृष्ट किया जाता है कि **लाल बहादुर शास्त्री आरोग्य विज्ञान एवं प्राविधिक परिषद** के प्रचलित नियमों, विनियमों एवं उप–नियमों के अधीन तथा सम्बद्धता के समय निष्पादित शर्तों एवं अनुबंध के अनुसरण में, प्रत्येक सम्बद्ध संस्था के लिए वार्षिक संबद्धता नवीनीकरण कराना एक विधिक बाध्यता है, न कि ऐच्छिक कार्य। इस बाध्यता का अनुपालन किए बिना कोई भी संस्था परिषद के तत्वावधान में किसी

नोट: सभी केंद्रों को सूचित कर नवीनीकरण की प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए कमेटी नियुक्त की जाए।
27/03/2026

सचिव / Secretary
लाल बहादुर शास्त्री आरोग्य विज्ञान एवं प्राविधिक परिषद
Lal Bahadur Shastri Health Science And Technical Council

रजिस्ट्रार / Registrar
लाल बहादुर शास्त्री आरोग्य विज्ञान एवं प्राविधिक परिषद
Lal Bahadur Shastri Health Science And Technical Council

उपसचिव / Joint Secretary
लाल बहादुर शास्त्री आरोग्य विज्ञान एवं प्राविधिक परिषद
Lal Bahadur Shastri Health Science And Technical Council

भी प्रकार की शैक्षणिक, प्रशासनिक अथवा प्रमाणन गतिविधि संचालित करने की विधिक रूप से अधिकारी नहीं रहती। परिषद के समस्त अभिलेखों की सम्यक् एवं गहन समीक्षा तथा विश्लेषण के उपरांत यह गंभीर तथ्य परिषद के संज्ञान में आया है कि बड़ी संख्या में सम्बद्ध संस्थाएँ आगामी **शैक्षणिक वर्ष 2026–27** हेतु **संबद्धता नवीनीकरण आवेदन,** अपेक्षित शुल्क एवं सम्बद्ध दस्तावेजों सहित, निर्धारित समय–सीमा के भीतर प्रस्तुत करने में पूर्णतः विफल रही हैं, जो परिषद के नियमों का सुस्पष्ट एवं गंभीर उल्लंघन है।

अतः, इस परिपत्र के माध्यम से समस्त ऐसी सम्बद्ध संस्थाओं को – जिन्होंने अद्यावधि संबद्धता नवीनीकरण की निर्धारित औपचारिकताएँ पूर्ण नहीं की हैं – इस परिषद की सक्षम प्राधिकारिणी द्वारा विधिवत् एवं अंतिम रूप से निर्देशित किया जाता है कि वे अपनी संबद्धता नवीनीकरण की समस्त प्रक्रिया, अपेक्षित प्रपत्रों, देय शुल्क एवं अद्यतन दस्तावेजों सहित, **दिनांक 30 अप्रैल 2026 (गुरुवार)** तक अथवा उससे पूर्व अनिवार्य रूप से पूर्ण करें। यह परिषद द्वारा सुस्पष्ट एवं अंतिम रूप से अवगत कराया जाता है कि उक्त अंतिम तिथि के उपरांत प्राप्त किसी भी नवीनीकरण आवेदन पर किसी भी परिस्थिति में, किसी भी आधार पर विचार नहीं किया जाएगा तथा नवीनीकरण हेतु परिषद का **ऑनलाइन पोर्टल** भी उक्त तिथि के पश्चात् स्थायी रूप से बंद कर दिया जाएगा। समय–सीमा में किसी भी प्रकार के विस्तार का कोई अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाएगा।

## अनुपालन–विफलता की दशा में अनिवार्य दंडात्मक एवं विधिक परिणाम

**यह परिषद स्पष्ट एवं अंतिम रूप से अवगत कराती है कि जो भी सम्बद्ध संस्थाएँ दिनांक 30 अप्रैल 2026 तक संबद्धता नवीनीकरण की समस्त अपेक्षित औपचारिकताएँ पूर्ण करने में विफल रहेंगी, उनके विरुद्ध निम्नलिखित अपरिहार्य दंडात्मक एवं विधिक कार्यवाहियाँ बिना किसी पूर्व सूचना के, तत्काल एवं स्वतः प्रभाव से अमल में लाई जाएंगीः–**

**परिणामः– 1. संबद्धता का तत्काल, स्थायी एवं अपरिवर्तनीय विधिवत् समापन**

सचिव / Secretary
लाल बहादुर शास्त्री आरोग्य विज्ञान एवं प्राविधिक परिषद
Lal Bahadur Shastri Health Science And Technical Council

रजिस्ट्रार / Registrar
लाल बहादुर शास्त्री आरोग्य विज्ञान एवं प्राविधिक परिषद
Lal Bahadur Shastri Health Science And Technical Council

उपसचिव / Joint Secretary
लाल बहादुर शास्त्री आरोग्य विज्ञान एवं प्राविधिक परिषद
Lal Bahadur Shastri Health Science And Technical Council

जो संस्थाएँ निर्धारित अंतिम तिथि तक संबद्धता नवीनीकरण की प्रक्रिया पूर्ण करने में विफल रहेंगी, उनकी समस्त सम्बद्धता एवं मान्यता परिषद के विनियमों के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तत्काल, स्थायी एवं अपरिवर्तनीय प्रभाव से विधिवत् समाप्त की जाएगी तथा उन्हें औपचारिक संबद्धता समाप्ति पत्र निर्गत किया जाएगा। ऐसी संस्थाएँ परिषद के अभिलेखों में स्थायी रूप से निष्क्रिय अंकित की जाएंगी। तत्पश्चात् उन्हें किसी भी प्रकार की शैक्षणिक गतिविधि संचालित करने, प्रमाण–पत्र अथवा अंक–सूची जारी करने, परिषद के नाम, लोगो अथवा पंजीकरण संख्या का किसी भी रूप में उपयोग करने अथवा स्वयं को इस परिषद से सम्बद्ध प्रदर्शित करने का किसी भी दशा में कोई विधिक अधिकार नहीं रहेगा।

**परिणामः–2. शैक्षणिक वर्ष 2025–26 के प्रथम वर्ष के समस्त छात्रों पर परीक्षा में सम्मिलित होने का विधिक प्रतिबंध**

जिन संस्थाओं द्वारा निर्धारित तिथि तक संबद्धता नवीनीकरण पूर्ण नहीं कराया जाएगा, उन संस्थाओं में शैक्षणिक वर्ष 2025–26 के अंतर्गत किसी भी पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष में विधिवत् नामांकित समस्त छात्रों को परिषद की किसी भी परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी तथा उनके प्रवेश–पत्र किसी भी परिस्थिति में निर्गत नहीं किए जाएंगे। यह सुस्पष्ट किया जाता है कि ऐसे छात्रों को होने वाली शैक्षणिक क्षति, आर्थिक हानि, कैरियर अवरोध अथवा किसी भी प्रकार के अन्य नुकसान के लिए इस परिषद का कोई दायित्व नहीं होगा। इस संपूर्ण घटना का समस्त विधिक, नैतिक एवं आर्थिक दायित्व पूर्णतः एवं अनन्य रूप से संबंधित संस्था के प्रबंधन पर निहित होगा।

**इसके अतिरिक्त, परिषद की सक्षम प्राधिकारिणी द्वारा समस्त संस्थाओं को निम्नलिखित अतिरिक्त विधिक परिणामों की ओर भी सविशेष ध्यान आकृष्ट किया जाता हैः–**

- अनुपालन–विफल संस्थाओं द्वारा **नवीनीकरण के उपरांत अथवा बिना नवीनीकरण** के जारी किए गए किसी भी प्रमाण–पत्र, अंक–सूची अथवा अन्य शैक्षणिक दस्तावेज को परिषद द्वारा शून्य, निष्प्रभावी एवं अमान्य घोषित किया जाएगा तथा ऐसे दस्तावेजों का कोई विधिक मूल्य नहीं होगा।
- वैध नवीनीकरण के अभाव में संचालन जारी रखने वाली संस्थाओं के विरुद्ध मिथ्या–प्रतिनिधित्व, कपट एवं अनधिकृत संचालन के आधार पर उपयुक्त सक्षम न्यायालय अथवा नियामक निकाय के समक्ष विधिक कार्यवाही प्रारंभ की जा सकती है।

रजिस्ट्रार / Registrer
लाल बहादुर शास्त्री आरोग्य विज्ञान एवं प्राविधिक परिषद
Lal Bahadur Shastri Health Science And Technical Council

सचिव / Secretary
लाल बहादुर शास्त्री आरोग्य विज्ञान एवं प्राविधिक परिषद
Lal Bahadur Shastri Health Science And Technical Council

उपसचिव / Joint Secretary
लाल बहादुर शास्त्री आरोग्य विज्ञान एवं प्राविधिक परिषद
Lal Bahadur Shastri Health Science And Technical Council

- ऐसी अनुपालन–विफल संस्थाओं द्वारा भ्रमित एवं गुमराह किए गए छात्र तथा उनके अभिभावक, संस्था प्रबंधन के विरुद्ध क्षतिपूर्ति एवं शिकायत निवारण हेतु सीधे इस परिषद के प्रधान कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

| क्र.सं. | विवरण | निर्धारित शुल्क / तिथि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|
| 1. | वार्षिक संबद्धता नवीनीकरण शुल्क | 16,690 / – | डिमांड ड्राफ्ट / ऑनलाइन –परिषद के पक्ष में |
| 2. | निरीक्षण प्रक्रिया शुल्क | 6780 / – | भौतिक सत्यापन हेतु अनिवार्य |
| 3. | आवेदन प्रसंस्करण शुल्क | 1180 / – | अप्रतिदेय |
| 4. | नवीनीकरण आवेदन की अंतिम तिथि | 30 अप्रैल 2026 | इस तिथि के पश्चात् कोई आवेदन स्वीकार नहीं |
| 5. | भौतिक निरीक्षण तिथि | 01 मई 2026 – 15 मई 2026 | परिषद की निरीक्षण समिति द्वारा संस्था का भौतिक सत्यापन |
| 6. | नवीनीकरण अनुमोदन / अस्वीकृति की सूचना | 31 मई 2026 तक | परिषद द्वारा पंजीकृत ईमेल / डाक पर सूचित किया जाएगा |
| 7. | नवीनीकृत संबद्धता पत्र निर्गमन | 15 जून 2026 तक | केवल अनुमोदित संस्थाओं को जारी होगा |

' उपर्युक्त शुल्क राशि परिषद के नवीनतम शुल्क–अनुसूची के अनुसार देय होगी। शुल्क में किसी भी प्रकार की छूट अनुमन्य नहीं होगी। निरीक्षण तिथि में परिवर्तन की दशा में संबंधित संस्था को पृथक् से सूचित किया जाएगा।

**नवीनीकरण प्रक्रिया एवं अपेक्षित दस्तावेजः–** समस्त संस्थाओं को निर्देशित किया जाता है कि वे अंतिम तिथि से पूर्व परिषद द्वारा निर्धारित नवीनीकरण आवेदन प्रपत्र, देय नवीनीकरण शुल्क **(डिमांड ड्राफ्ट / ऑनलाइन)**, अद्यतन स्टाफ विवरण, अवसंरचना रिपोर्ट एवं अन्य अपेक्षित दस्तावेज परिषद के प्रधान कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से अथवा पंजीकृत डाक द्वारा प्रेषित करें। अपूर्ण अथवा त्रुटिपूर्ण आवेदन अस्वीकार किए जाएंगे।

रजिस्ट्रार / Registrar
लाल बहादुर शास्त्री आरोग्य विज्ञान एवं प्राविधिक परिषद
Lal Bahadur Shastri Health Science And Technical Council

सचिव / Secretary
लाल बहादुर शास्त्री आरोग्य विज्ञान एवं प्राविधिक परिषद
Lal Bahadur Shastri Health Science And Technical Council

उपसचिव / Joint Secretary
लाल बहादुर शास्त्री आरोग्य विज्ञान एवं प्राविधिक परिषद
Lal Bahadur Shastri Health Science And Technical Council

अंतिम एवं असंदिग्ध चेतावनीः— समस्त संस्थाओं को उनके स्वयं के हित में, उनके छात्रों के भविष्य एवं शैक्षणिक करियर को दृष्टिगत रखते हुए, यह अंतिम एवं असंदिग्ध चेतावनी दी जाती है कि वे बिना किसी विलंब के नवीनीकरण की समस्त औपचारिकताएँ पूर्ण करें। परिषद द्वारा किसी भी परिस्थिति में, किसी भी आधार पर — चाहे वह प्रशासनिक हो, तकनीकी हो अथवा व्यक्तिगत—अंतिम तिथि के विस्तार, दंडात्मक परिणामों में शिथिलता अथवा किसी भी प्रकार की विशेष छूट के अनुरोध पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। यह परिपत्र ही परिषद का अंतिम एवं पर्याप्त नोटिस माना जाएगा।

सचिव / Secretary
लाल बहादुर शास्त्री आरोग्य विज्ञान एवं प्राविधिक परिषद
Lal Bahadur Shastri Health Science And Technical Council

भवदीय,

(अभिषेक गिरि)
सचिव,
लाल बहादुर शास्त्री
स्वास्थ्य विज्ञान एवं तकनीकी परिषद।
दूरभाषः 0121—4349311

निम्नलिखित को सूचना एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रतिलिपि प्रेषितः—

1. अध्यक्ष, लाल बहादुर शास्त्री स्वास्थ्य विज्ञान एवं तकनीकी परिषद।
2. सचिव, लाल बहादुर शास्त्री स्वास्थ्य विज्ञान एवं तकनीकी परिषद।
3. परीक्षा नियंत्रक, लाल बहादुर शास्त्री स्वास्थ्य विज्ञान एवं तकनीकी परिषद।
4. निदेशक, लाल बहादुर शास्त्री स्वास्थ्य विज्ञान एवं तकनीकी परिषद।
5. गार्ड फाइल।

सचिव / Secretary
लाल बहादुर शास्त्री आरोग्य विज्ञान एवं प्राविधिक परिषद
Lal Bahadur Shastri Health Science And Technical Council

उपसचिव / Joint Secretary
लाल बहादुर शास्त्री आरोग्य विज्ञान एवं प्राविधिक परिषद
Lal Bahadur Shastri Health Science And Technical Council